## एक नजर में

### नशे से दूरी है जरूरी अभियान: खिलाड़ियों को दिलाई शपथ




**आलोट।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रतलाम द्वारा रतलाम जिले में 15 दिवसीय नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत आलोट विकास खंड में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रुचि शर्मा के निर्देशानुसार नशामुक्ति अभियान व शपथ कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कराडिया के खेल मैदान पर आयोजित किया गया। ब्लॉक युवा समन्वयक आलोट दुर्गाशंकर मोयल ने बताया कि यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इसके तहत खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह परिवार और समाज की संरचना को भी प्रभावित करता है। विशेष रूप से युवाओं से अपील की गई कि वे गांजा, अफीम, नशीले इंजेक्शन जैसे खतरनाक नशों से दूर रहें, क्योंकि ये उनका भविष्य अंधकारमय बना सकते हैं। जागरूकता फैलाने हेतु बैनर, सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर प्राचार्य रामचंद्र पालीवाल, खेल शिक्षक बदीलाल बसेर, गोकुलसिंह चौहान, आलोट स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव अतुल वर्मा एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम समस्त विद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है, ताकि छात्र नशे के प्रति जागरूक हो सकें और उनके दुष्परिणामों से स्वयं को बचा सकें।

### ननि पर समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ सलाहकार समिति की बैठक समिति प्रभारी रामू भाई डाबी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा नागरिकों से अपील की है कि अपने परिवार की समग्र आई.डी. को चेक करे अगर समग्र ईकेवाईसी नही हुई है तो नगर निगम कार्यालय नजदीकी सीएससी सेन्टर/अपने मोबाईल के माध्यम से 15 अगस्त तक अनिवार्य रूप से ईकेवाईसी करना सुनिश्चित करें। आयोजित बैठक में समिति प्रभारी रामूभाई डाबी के अलावा समिति सदस्य धर्मेन्द्र रांका, रणजीत टांक, करण कैथवास, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मीनाक्षी सेन समिति सचिव जितेन्द्र राठौर आदि उपस्थित थे।

### युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 6 को

**रतलाम।** रतलाम जिला रोजगार अधिकारी यू.पी. अहिरवार ने बताया कि तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय भोपाल एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग व तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय रतलाम द्वारा युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन दिनांक 6 अगस्त 2025 को शासकीय आई.टी.आई सैलाना रोड रतलाम में रखा गया है जिसमे बेरोजगार युवाओ को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटित्तशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। शैक्षणिक योग्यत्ता 8वी उत्तीर्ण से स्नातक, एवं आई.टी. आई उतीर्ण, आयु 18 से 45 वर्ष तक। इच्छुक आवेदक युवा संगम मेले में दिनांक 06 अगस्त 2025 को समय प्रात: 10:00 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई, सैलाना रोड रतलाम, में अपने फोटो, शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, समग्र आईडी एवम् बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि 13 तक बढ़ी

**रतलाम।** शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग) भारत सरकार के अधीनस्थ आवासीय विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय -2 आलोट जिला रतलाम में सत्र 2026-27 कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को जिले के आलोट, जावरा व बाजना विकासखंड में होगी। परीक्षा में भाग लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि बड़ाई गई है। विद्यार्थी 13 अगस्त 2025 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। इस परीक्षा हेतु वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते है जो रतलाम जिले के आलोट, जावरा व बाजना विकासखंड के किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय या शासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांचवीं में सत्र 2025-26 में अध्ययनरत हो तथा पालक इसी जिले के आलोट , जावरा व बाजना विकासखंड के निवासी हो। बच्चे का जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### आंकाक्षा योजना अन्तर्गत नीट एवं जेईई की कोचिंग मे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2 को

**रतलाम।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि आंकाक्षा योजना अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में नीट एवं जेईई की कोचिंग मे प्रवेश के लिये चयन परीक्षा 2 अगस्त 2025 शनिवार को परीक्षा केन्द्र-कन्या शिक्षा परिसर रतलाम बिबडोद बाईपास में दोपहर 12:30 से 02:30 बजे तक आयोजित की जाएगी है। विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होते समय अपने आनलाईन आवेदन की प्रतिलिपि, 10वी की अंक सूची की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ मे अनिवार्य लेकर उपस्थित हो।

# समस्याओं को लेकर विद्यार्थियों का पैदल मार्च,कलेक्टर रास्ते में मिले

नवभारत न्यूज

**रतलाम/सैलाना।** जिले के सैलाना के एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल के दर्जनों विद्यार्थी समस्याओं को लेकर विद्यार्थी सैलाना से पैदल मार्च करते हुए जिला मुख्यालय की ओर निकल पड़े। कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के तकरीबन 70 से 80

**कलेक्टर ने समस्या सुन समाधान का आश्वासन दिया**

विद्यार्थी कलेक्टर से मिलने के लिए निकले थे। इस दौरान विद्यार्थी नारे लगा रहे थे हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते, लड़ेंगे और जीतेंगे। जब मीडिया के माध्यम से यह जानकारी कलेक्टर तक पहुंची तो कलेक्टर राजेश बाथम विद्यार्थियों से मिलने निकल पड़े। जिला मुख्यालय से तकरीबन 10 किलोमीटर दूर रतलाम



बांसवाड़ा मार्ग पर डेलनपुर के आगे कलेक्टर ने विद्यार्थियों से समस्याएं सुनी। इसके पहले जब जिम्मेदारों को पता चला कि छात्रावास की समस्याओं को लेकर विद्यार्थी पैदल मार्च करते हुए निकल चुके हैं और कलेक्टर आने वाले हैं। तब सैलाना एसडीएम, एसडीओपी, जनजाति विभाग की सहायक आयुक्त सहित सभी ने दौड़ लगाई। रोकना चाहा। मगर परेशान विद्यार्थियों ने उनकी एक नहीं सुनी। उनका लक्ष्य तो केवल और केवल कलेक्टर राजेश बाथम से मिलना ही था।

**लाईट पर पंखे तक की समस्या**

विद्यार्थियों ने बताया कि लाइट और पंखे की समस्या है। गणवेश की क्वालिटी घटिया है, थाली प्लेट नई नहीं मिलती। साफ सफाई नहीं है। बाथरूम के दरवाजे खराब है। जब कलेक्टर ने कहा कि पिछले साल भी आए थे मेरे पास। एसडीएम आए ना तुम्हारे यहां पर। तब विद्यार्थी ने कहा कि हां एसडीएम साहब आए थे मगर कुछ नहीं हुआ। जब भी प्रिंसिपल और छात्रावास अधीक्षक को बोलते हैं तो कहते हैं कि प्रक्रिया में चल रहा है पिछले 2 साल से यही सुनने को मिल रहा है। समस्याओं का असर अध्ययन पर हो रहा है।

### कलेक्टर ने दिया आश्वासन

कलेक्टर ने सभी को आश्वासन दिया की समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों को बस के माध्यम से पुन: छात्रावास की ओर भेजा गया।

**जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई**

विद्यार्थियों की समस्याएं सुनकर जांच कमेटी बनाई है। विद्यार्थियों की समस्या का समाधान शीघ्र होगा। कमेटी की रिपोर्ट के बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

-राजेश बाथम, कलेक्टर

# राखी से 5 रूपए लीटर दूध के दाम बढ़ाने का निर्णय



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** दूध के दामों में एक बार फिर उबाल आने वाला हैं। मंगलवार को दूध उत्पादकों ने बैठक कर राखी के त्यौहार से दूध के दामों में पांच रूपए वृद्धि करने का प्रसताव पारित किया हैं।

ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्र के दूध उत्पादक किसानों ने सोमवार को श्री कालिका माता मंदिर परिसर में

**रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के दूध उत्पादकों ने की बैठक**

एक अहम बैठक की। बैठक में प्रमुख मुद्दा दूध के दामों में 5 रूपए प्रति लीटर की वृद्धि का रहा। किसानों का कहना है कि चारे, दवाई, पशु आहार और परिवहन में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके चलते मौजूदा दरों पर दूध उत्पादन घाटे का सौदा बनता जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मार्च माह में भी दूध के दामों में 3 रूपए की वृद्धि की गई थी। बावजूद इसके, किसानों का कहना है कि उत्पादन लागत में और बढ़ोत्तरी हो चुकी है, जिससे यह नया प्रस्ताव जरूरी हो गया हैं। किसानों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में पशु आहारा, दवाईयों और मंहगाई में इजाफा हुआ हैं, जिससे प्रति लीटर लागत और बढ़ गई हैं। बैठक में कई गांवों के दुग्ध उत्पादक किसान शामिल हुए। उन्होंने सर्वानमुति से प्रस्ताव पारित किया कि क्षेत्र में दूध के दाम 5 रूपए प्रति लीटर बढ़ाए जाए। किसानों ने स्थानी दुग्ध विक्रेताओं को यह निर्णय राखी से लागू करने का आग्रह भी किया हैं।



### निरीक्षण में अनुपस्थित मिले सीएचओ, कटेगा वेतन

**रतलाम।** जिले में स्टाफ डायरिया शहर दस्तक अभियान तथा सौ दिवसीय सिकल सेल एनीमिया कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे, सीबीएमओ डॉ. पवन पाटीदार पिपलोदा, जिला सीपीएचसी सलाहकार लोकेश वैष्णव आदि ने पिपलोदा विकासखंड के ग्राम वड़ायला माताजी जाकर क्षेत्र में चल रहे दस्तक अभियान के दौरान कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर सूरजापुर का निरीक्षण किया। सुरजापुर में को सीएचओ अशोक कुमार बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए, इसके लिए बीएमओ को उनका एक दिन का मानदेय काटने हेतु निर्देशित किया गया। सीएमएचओ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलोदा में जाकर वहां दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया गया इस दौरान उन्होंने प्रसव पश्चात कक्ष में जाकर प्रसुताओं को स्तनपान संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किया , तथा केंद्र पर सभी आमजन को आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

**विधि का प्रदर्शन किया**

शाप्रावि धोलावाड़ के स्कूली बच्चों को श्रीमती बीना राठौर एएनएम ने हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं ओआरएस का घोल बनाने की विधियों का प्रदर्शन स्कूल में किया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर स्थापित कर आम घोल बनाने की विधि बताई।

### पेयजल वितरण के समय में परिवर्तन

रतलाम। गंगासागर पेयजल टंकी से 550 एमएम मेन सप्लाय लाईन का मॉर्निंग स्टार स्कूल स्थित वॉल्व खराब होने व गंगासागर पेयजल टंकी से मॉर्निंग स्टार स्कूल के बीच की पाईप लाईन में लीकेज होने से क्षेत्र की होने वाली पेयजल सप्लाय बाधित हुई है। वॉल्व व लीकेज का संधारण कार्य किया जा रहा हैं। जल्द ही संधारण पश्चात् पेयजल सप्लाय की किया जाएगा।

### क्वि प्रतियोगिता में जिले के 456 छात्र-छात्राए शामिल होंगे

**रतलाम।** मप्र पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता प्रदेश के बच्चों में प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगो, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय के उत्कृष्ठ उमावि पर पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 1 अगस्त से होगा। कलेक्टर राजेश बाथम एवं अध्यक्ष डीएटीसीसी जिला रतलाम के मार्गदर्शन में जिले के 152 विद्यालयो ने अपना पंजीयन करवाया है। शासकीय,अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं के 456 छात्र-छात्राओ द्वारा प्रतियोगिता में सहभागिता की जाएगी।

# 8 लाइन पर कार से की जा रही थी शराब की तस्करी,नाकाबंदी कर पकड़ा

**रतलाम।** पुलिस ने नाकाबंदी कर हजारों की शराब पकड़ी हैं। आरोपी कार की डिक्की में भरकर अवैध तरीके से शराब की तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार जिले के

**कार से गुजरात की ओर शराब ले जा रहे थे शराब**

आदिवासी अंचल के चैनपुरा का बाबू कार से देशी शराब की 7 पेटियों लेकर गुजरात की ओर जाने वाला था, तभी पुलिस ने नाकाबंदी की। 8 लाइन पर तलाशी के दौरान डिक्की से 26 हजार रुपए से अधिक की शराब मिली। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी को मुखबिर से सूचना मिली थी। जिस पर कार्रवाई की गई। मुखबिर के बताए स्थान पर नाका बंदी की गई। कुछ देर बाद संदिग्ध कार क्रमांक एमपी 09सीजी 3105 आई तो उसे रोका गया। चालक बाबू (33) पिता केशाजी गुर्जर निवासी ग्राम चैनपुरा, थाना रावटी जिला रतलाम से पूछताछ की गई। कार की तलाशी लेने पर अवैध रूप से लेजा जा रही 7 पेटी 54 बल्क लीटर देशी अवैध प्लेन शराब जब तक की गई जिसकी कीमत 26250 रुपए है।

**कोई दस्तावेज नहीं थे**

शराब रखने ,परिवहन करने तथा लाने ले जाने के परमिट लायसेन्स बाबू के पास नहीं थे। आरोपी बाबू गुर्जर के विरूद्ध अपराध क्रमांक - 565/2025 धारा-34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस बाबू से पूछताछ कर रही है कि वह शराब कहां से लाया था और किसे देने जा रहा था।

# शिक्षक शराब पीकर स्कूल आ रहे, कभी-कभी स्कूल खुलता

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले के एक प्राथमिक शिक्षक द्वारा स्कूल का शराब पीकर संचालन किया जा रहा हैं। वे कभी-कभी स्कूल खोलते है और बच्चों से अभद्रता,मारपीट करते।

यह शिकायत जनसुनवाई में आई। ग्रामवासी ग्राम डाबड़ी जनपद पंचायत बाजना द्वारा आवदेन दिया कि प्रा.वि. डाबड़ी का प्राथमिक शिक्षक नाथूलाल डामर शराब पीकर शाला का संचालन करता है, बच्चो के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट करता है। कभी-कभी स्कूल खोलता है। उक्त शिक्षक बीएलओ है, कार्य में लापरवाही करता है। कार्यावाही हेतु सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर राजेश बाथम एवं एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 68




आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदक मुकेश पिता मोहनलाल निवासी ग्राम उकेडिया तह. जावरा ने बताया कि वह पैर से विकलांग है काम नही कर पाने के कारण परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। फ्रूट या सब्जी ठैला के लिए आर्थिक सहायता हेतु आवेदन दिया। आवेदक को रेडक्रॉस द्वारा 10,000 रूपए की आर्थिया सहायता की स्वीकृति दी गई। आवेदक मांगीलाल पिता कन्हैयालाल निवासी रत्नेशवर रोड़, रतलाम ने आवेदन दिया कि प्रार्थी की उम्र 75 वर्ष है और पत्नी भी दोनो पैरो से विकलांग है जिस कारण परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। पत्नी आए दिन बीमारी से ग्रसित रहती है। आवदेक को ईलाज हेतु शासन द्वारा 10,000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। आवेदक श्रृति रांका निवासी रतलाम ने आवेदन दिया कि वह हिमीफीलिंया की गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। ईलाज हेतु फेक्टर 10 की आवश्यकता है। कलेक्टर द्वारा कार्यवाही हेतु रेडक्रॉस को निर्देशित किया एवं रेडक्रॉस सोसाईटी से ईलाज हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

जनसुनवाई में आवदेक शांतिबाई पति राधेश्याम निवासी ग्राम पिपलिया सिसोदिया तहसील आलोट ने बताया कि उसकी कृषि भूमि का रिकार्ड वर्ष 1995 के बाद से नही मिल रहा है, वर्तमान में नकलों में किसी अन्य व्यक्ति का नाम दिखाई दे रहा है। उक्त त्रुटि को सुधारने हेतु तहसील कार्यालय आलोट से रिकार्ड प्राप्त नही हो पा रहा है। कार्यावाही हेतु एसडीओ आलोट को निर्देशित किया। जनसुनवाई में आवेदक सपना देवड़ा निवासी रतलाम ने आवेदन दिया कि राष्टीय विधवा पेंशन योजना के तहत पेंशन मिलती थी लेकिन कुछ माह से पेंशन नही आ रही है। कार्यवाही हेतु सीईओ जनपद रतलाम को निर्देशित किया।

# अमानक बीज को लेकर सरकार गंभीर, विधानसभा में विधायक ने उठाए विभिन्न मामले

**जावरा।** अमानक स्तर के बीज व उर्वरक के मामले में सरकार गंभीर है। अनियमितता करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रही है। विगत 5 वर्षो में ऐसे अनियमित संस्थाओ के 36 संस्थाओ के लाइसेंस निरस्त किए गए। उक्त जानकारी प्रदेश के कृषि विकास मंत्री एदलसिंह कंषाना ने विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न के जवाब में दी। डॉ पांडेय ने क्षेत्र के विभिन्न मामले उठाये है। विधायक डॉ पांडेय के प्रश्न के जवाब में कृषि मंत्री ने बताया कि रतलाम जिले कृषि बीज के 555 एवं उर्वरक के 742 संस्थाओ व फर्मो ने लायसेंस लिए। विगत 5 वर्षो में निरंतर किसानों की शिकायत पर अमानक स्तर के बीज की 262 शिकायते दर्ज की गई। जिसमे कडी कार्यवाही करते हुए 17 संस्थाओ के लाइसेंस निरस्त किये गए है, जबकि अमानक स्तर के उर्वरक के 186 मामले दर्ज किए जाकर 19 लायसेंस निरस्त किये गए। विधायक डॉ पांडेय के एक अन्य प्रश्न पर सहकारिता मंत्री विश्वास सारँग ने बताया कि रतलाम जिले में कुल 779 सहकारी समितियां है। जिनमे से 423 कृषि सहकारी, 236 दुग्ध सहकारी एव 120 अन्य सहकारी समितियां कार्यरत है। सहकारी समितियों में आर्थिक अनियमितताओं के दो गंभीर मामलों में प्रकरण दर्ज कराया गया है, वही 14 संस्थाओ में आंतरिक विशेष अंकेक्षण कराया जा रहा है। सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए भी प्रयास किये जा रहे है।

विधायक डॉ पांडेय ने रतलाम जिले में श्रम विभाग के निरीक्षण संबंधी प्रश्न के जवाब में श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि विभाग के अंतर्गत 137 छोटे उद्योगों को पंजीकृत किया गया है। विगत 5 वर्षो में कारखानों व उद्योगों में 6 स्थानों पर दुर्घटनाए घटित हुई। इनमे 3 श्रमिको की मृत्यु हुई तथा 5 श्रमिक घायल हुए है। इसके अलावा भुगतान नहीं किए जाने के संबंध में 226 शिकायत प्राप्त हुई, जिनका निराकरण किया गया। 203 आंगनवाडी केन्द्र भवनविहीन- विधायक डॉ पांडेय के एक अन्य प्रश्न पर महिला व बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि जावरा विधानसभा क्षेत्र में 203 आंगनवाडी केन्द्र भवनविहीन है ,जिनमे से 2 भवन जर्जर व क्षतिग्रस्त है। जावरा विधानसभा क्षेत्र में विगत वर्षो में 11 स्थानों पर आंगनवाडी केंद्रों के भवन स्वीकृत किये गए ,जिनके कार्य प्रारंभ किये जा रहे है। भवनविहीन केंद्रों के लिए शासन निरंतर गंभीरता से प्रयास कर रहा है।

**जावरा में तीन स्थानों पर किया औद्योगिक क्षेत्र विकसित**

विधायक डॉ पांडेय ने जावरा विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक स्थिति को लेकर किए प्रश्न पर सूक्ष्म, लघु उद्योग मंत्री चेतन कश्यप में जानकारी देते हुए बताया कि जावरा तहसील अंतर्गत 33.617 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र जावरा विकासाधिन है। जिसमें से 4974 वर्ग मीटर भूमि नवीन 9 औद्योगिक इकाइयों को आवंटित की गई है, जिसमे दो इकाइयों द्वारा भूखंड परिवर्तन के लिए आवेदन भी किया गया है। वर्तमान में जावरा में तीन स्थानों पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है । इनमें लगभग 40 उद्योग स्थापित है, इनमें तीन उद्योग इकाइयां बंद है। तीन औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न मूलभूत कार्यो के लिए 4 करोड़ 76 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है । जिस के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र में सीसी रोड, पाईप लाइन व नाली का निर्माण किया गया।

**एक नजर** बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति ने विद्युत कंपनी के डीई को सौंपा ज्ञापन, दी चेतावनी-

# समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो विद्युत विभाग का करेंगे घेराव

**जावरा। नगर के बिजली उपभोक्ताओं के यहां उनकी अनुमति के बगैर लगाए गए स्मार्ट मीटर के चलते उन्हें विद्युत खपत के अनाप शनाप राशि के बिल प्राप्त हो रहे हैं। इसके विरोध में मंगलवार को दोपहर एक बजे बिजली उपभोक्ता पीड़ित समिति के सदस्यों ने बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री एमएच दीक्षित को उनके कार्यालय के बाहर एक ज्ञापन सौंपकर अगले माह की 6 तारीख तक समस्त समस्याओं के निराकरण के साथ ही मंडल की मनमानी से त्रस्त उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की।**

तय तिथि तक ऐसा ना होने की स्थिति में समिति ने विद्युत विभाग का घेराव कर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करने की चेतावनी



दी। ज्ञापन का वाचन करते हुए नीलेश मेहता ने कहा कि विवि कंपनी ने उपभोक्ताओं के घर, दुकान अथवा संस्थान पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने के दौरान आश्वासन दिया था कि उपभोक्ता के संतोष के लिए स्मार्ट मीटर के पैरेलल पुराना मीटर लगाया जाएगा। लेकिन कंपनी अपने वादे से मुकर गई। जिसका खामियाजा ईमानदारी से बिल चुकाने वाले मंडल के उपभोक्ताओं को भुगतना पड रहा है। इस दौरान समिति के असलम मेव, अली जमान, एडवोकेट अजीजुद्दीन शेख ने बिजली कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी को विद्युत उपभोक्ताओं की दीगर दिक्कतों से भी अवगत कराया। इस मौके पर महेश शर्मा, एडवोकेट सरफराज, अशोक सिसोदिया, कृष्णा धाकड़, लक्की कायस्थ, युजवेंद्रसिंह, महिपालसिंह, शाहरुख डेविड, फारूक लाला, मोहम्मद हुसैन, नवाब मेवाती, साहील, सिकन्दर मेव, फरीद हुसैन सहित कई बिजली उपभोक्ता मौजूद थे।